नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

महावीर जयंती की शुभकामनाएं

# कार में जिंदा जले तीन

## बालाघाट में चलती कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी





मृतक

**बालाघाट, 29 मार्च. प्रदेश मे दूसरे दिन भी एक हादसे में एक चलती कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी. इससे उसमें आग लग गई, जो इतनी तेजी से फैली कि अंदर बैठे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला. हादसे में तीन लोग जिंदा जल गए. घटना शनिवार रात 11 से 12 बजे के बीच बैहर-मलाजखंड रूट पर केवलारी चौराहे के पास की है.**

मृतकों की पहचान नगारची केलकर (65 वर्ष), सविता केलकर (28 वर्ष) और अभि केलकर (3 वर्ष) के रूप में हुई है. सविता, नगारची की बहू और अभि पोता था. वहीं कार चला रहा बेटा सीतम केलकर (30) और नगारची की पत्नी नाना बाई केलकर (60) गंभीर रूप से झुलस गए हैं. दोनों को पड़ोसी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) रेफर किया गया है. जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे. उन्होंने तुरंत कार का कांच फोड़कर तीन लोगों को बाहर निकाला. इनमें 8 साल की बच्ची पूर्वी राहांगडाले पूरी तरह सुरक्षित है. पुलिस के अनुसार, कार चालक सीतम केलकर अपने गृह ग्राम पोंडी (परसवाड़ा, बालाघाट) से पौनी (मलाजखंड) जा रहा था. पौनी में उसकी वेल्डिंग की दुकान है. वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पोंडी आया था. देर रात वह अपने माता-पिता, पत्नी, मासूम बेटे और पड़ोसी बच्ची पूर्वी के साथ अपनी ऑल्टो कार से पौनी लौट रहा था, तभी हादसा हो गया.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बैहर अस्पताल भेज दिया गया है. मामले की जांच शुरू कर दी गई है. वहीं थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि यह पेट्रोल कार थी. पूरी तरह जल चुकी है. अभी इसका नंबर और मॉडल बता पाना संभव नहीं है.

### कार ने ठेले वाले और 2 कारपेंटरों को कुचला

**ग्वालियर.** एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी. घटना आनंदनगर रोड पर एक वाइन शॉप के सामने की है. हादसे में अंडे का ठेला लगाने वाला एक युवक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना से संबंधित एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें चालक कार से निकलकर भागता हुआ दिख रहा है. घायल हुए धर्मेंद्र रजक ने बताया कि वह अंडे का ठेला लगाता है. टक्कर से उसके सिर में करीब सात टांके आए हैं और ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. धर्मेंद्र अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, उनकी पत्नी रीमा दोनों पैरों से दिव्यांग हैं और उनके दो बच्चे हैं. अन्य घायलों में रामाजी की पुलिया निवासी कारपेंटर साबिर खान और इरफान खान हैं.

# इंदौर में पानी की समस्या नहीं रहेगी

**एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया शुभारंभ**

**संकल्प से समाधान में शामिल हुए सीएम**



**इंदौर, 29 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संकल्प से समाधान अभियान के तहत दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां एक ओर आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए बहु विभागीय शिविर लगाया गया, वहीं शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मां नर्मदा जल परियोजना के चतुर्थ चरण का भूमिपूजन भी किया. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई, जिससे नागरिकों को एक ही स्थान पर समाधान और विकास योजनाओं का लाभ मिला.**


इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां नर्मदा के आशीर्वाद से इंदौर को दीर्घकालिक जल समाधान मिल रहा है. उन्होंने कहा कि नगर निगम के माध्यम से आने वाले 25 वर्षों के लिए शहर की अलग पहचान बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है. वर्तमान जनसंख्या के भविष्य में करीब 65 लाख तक पहुंचने की संभावना को देखते हुए मेट्रोपॉलिटन सिटी का नया प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसमें आसपास के 6 जिलों को मिलाकर डेढ़ करोड़ से अधिक आबादी को ध्यान में रखा गया है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नर्मदा जल परियोजना के चौथे चरण के पूर्ण होने के बाद शहर में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी. इससे न केवल पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि के नए आयाम भी स्थापित होंगे. उन्होंने कहा कि इंदौर हर क्षेत्र में अलग और बेहतर करने के लिए जाना जाता है और जल प्रबंधन में भी यह शहर नया रिकॉर्ड बनाएगा. इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जनभागीदारी से ही ऐसे अभियान सफल होते हैं और शहर को दीर्घकालिक लाभ मिलता है.

(शेष पेज 7 पर)

### मुख्यमंत्री यादव ने शहर को दी कई सौगातें

रविवार को इंदौर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर को कई महत्वपूर्ण सौगातें दीं और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की. इंदौर पहुंचते ही उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ किया, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और शहर की कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी. इसके बाद वे मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना. इसके बाद महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित महावीर अलंकरण समारोह में शामिल होते हुए, जहां मुख्यमंत्री ने जैन दर्शन की महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि महावीर जयंती केवल एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि इसे जीवन में प्रतिदिन उतारने की आवश्यकता है.

## एक नजर में



### आज जनसभाओं को संबोधित करेंगे राहुल

**नई दिल्ली.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए सोमवार को वहां जायेंगे. राहुल गांधी केरल के दौरे में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और कॉर्नर मीटिंग्स को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करेंगे. तय कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी सुबह 11:30 बजे अडूर के केएसआरटीसी जंक्शन पर कॉर्नर मीटिंग से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे.

### मलेरकोटला से दो आतंकी हुए गिरफ्तार

**पंजाब.** पंजाब के मलेरकोटला में पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है. दोनों को शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को हिरासत में लिया गया, जहां वे लंबे समय से किरायेदार के रूप में रह रहे थे और पिछले पांच साल से मजदूरी कर रहे थे. इस मामले में अहम सुराग 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के दौरान पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ में मिला.

### बाइक सवार दो भाइयों की कुचलने से मौत

**रांची.** झारखंड की राजधानी रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो भाइयों को कुचल दिया. इस भीषण सड़क हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी के पास हुई. मृतकों की पहचान नवाडीह निवासी प्रभात महतो और अनिल महतो के रूप में हुई है, जो आपस में चचेरे भाई थे. बताया जा रहा है कि दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया.

# चैटजीपीटी के माध्यम से 9.5 करोड़ में बिका घर



**फ्लोरिडा, 29 मार्च. अमेरिका के फ्लोरिडा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के इस्तेमाल का एक अनोखा मामला सामने आया है. यहां रॉबर्ट लेविन नाम के शख्स ने अपना घर करीब 1 मिलियन डॉलर (लगभग 9.5 करोड़ रुपये) में बेच दिया. खास बात यह है कि उन्होंने किसी रियल एस्टेट एजेंट की मदद नहीं ली, बल्कि चैटजीपीटी को अपना मार्गदर्शक बनाया.**

अमेरिकी मीडिया अनुसार, लेविन ने इस प्रयोग के तहत घर की कीमत तय करने, लिस्टिंग तैयार करने और मार्केटिंग कंटेंट लिखने तक हर काम एआई से कराया. चैटजीपीटी ने उन्हें यह भी सुझाव दिया कि घर को बाजार में कब लिस्ट किया जाए और किन छोटे सुधारों से इसकी कीमत बढ़ाई जा सकती है.

एआई की रणनीति बेहद सफल रही. घर को लिस्ट करने के तीन दिनों के भीतर ही लेविन के पास पांच ऑफर आ गए. केवल पांच दिनों में ही उन्होंने डील फाइनल कर ली.

# हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे : शाह

**अवसरों और रोजगार के लिए वोट दे युवा**

**कांग्रेस शासन में गोलीबारी से युवाओं की मौत देखी**



**गुवाहाटी, 29 मार्च. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं. अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं.**

सोनितपुर रैली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए अमित शाह ने जनता से कहा, 'आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो. आपको एक शांतिपूर्ण और विकसित असम के लिए वोट देना चाहिए. आपको असम के युवाओं के लिए अवसरों और रोजगार के लिए वोट देना चाहिए.'

उन्होंने कहा, 'एक तरफ भाजपा है, जिसने पिछले दस सालों में असम को आतंकवाद से मुक्त किया है. इसके विपरीत, कांग्रेस के शासन के दौरान असम ने बम धमाके, गोलीबारी और कई युवाओं की दुखद मौतें देखीं. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने असम में शांति स्थापित की है और 10,000 युवाओं को हथियार छोड़ने और एक बेहतर भविष्य अपनाने में मदद की है.'

जनसभा में अमित शाह ने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं. हालांकि, पिछले दस सालों में हम और घुसपैठ रोकने में कामयाब रहे हैं. लेकिन सिर्फ घुसपैठ रोकना ही काफी नहीं है. हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो लोग अवैध रूप से घुसे हैं, उन्हें भी असम से हटाया जाए.

## दिल्ली पुलिस ने गोल्डी बरार गैंग के एक शूटर को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 29 मार्च.** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के सैनिक विहार इलाके से रोहित गोदारा-गोल्डी बरार-वीरेंद्र चरण गिरोह से जुड़े एक शूटर को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. आरोपी की पहचान दीपक उर्फ दिलावर के रूप में हुई है, जिसे स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज द्वारा चलाए गए एक अभियान के बाद पकड़ा गया. पुलिस ने बताया कि उसके ठिकाने से पांच कारतूसों के साथ एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल बरामद की गई है. अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह कई राज्यों में कथित जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल रहा है.

# श्रीलंका को भारत ने पहुंचाई राहत सामग्री

- श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का जताया आभार
- ईंधन आपूर्ति में श्रीलंका को सामना करना पड़ा

**कोलंबो, 29 मार्च ईंधन संकट के बीच भारत ने श्रीलंका को तत्काल मदद पहुंचाकर राहत प्रदान की है. भारत सरकार के इस कदम पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया.**

राष्ट्रपति दिसानायके ने सोशल मीडिया पर बताया कि मिडिल ईस्ट में संघर्ष के कारण श्रीलंका को ईंधन आपूर्ति में रुकावटों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बारे में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से हाल ही में बातचीत की थी. इसके तुरंत बाद भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया और शनिवार को कोलंबो में 38,000 एमटी फ्यूल की आपूर्ति पहुंचाई. राष्ट्रपति ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के सहयोग की भी सराहना की.

### पेट्रोलियम शिपमेंट भेजकर जताई जिम्मेदारी

श्रीलंका पोदुजना पेरामुना के सांसदनमल राजपक्षे ने भी सोशल मीडिया पर भारत का धन्यवाद करते हुए कहा कि भारत ने 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के तहत समय पर पेट्रोलियम शिपमेंट भेजकर अपने पड़ोसी के प्रति जिम्मेदारी निभाई. राजपक्षे ने भारत की एक्साइज ड्यूटी में कमी की नीति की भी तारीफ की और बताया कि यह कदम कीमतों को स्थिर करने और वैश्विक तेल मूल्य में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए उठाया गया. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारत और श्रीलंका मिलकर क्षेत्रीय बेहतरी के लिए रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करें. इस मदद से श्रीलंका को ईंधन संकट के कठिन दौर में बड़ी राहत मिली है.


# पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने उम्मीदवारों की सूची जारी की

**284 सीटों पर उम्मीदवार**

**नई दिल्ली 29 मार्च. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 294 सीटों में से 284 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची रविवार को जारी कर दी है.**

पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा जारी इस सूची में कई प्रमुख नेताओं को मैदान में उतारा गया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को बहारामपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है, जिससे इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है. वहीं, मौसम नूर को मालतिपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है जबकि मेखलीगंज से इला रानी रॉय, माथाभांगा से खितेंद्र नाथ बर्मन, कूचबिहार उत्तर से पार्थ प्रतिम इशोर, कूचबिहार दक्षिण से खोखन मियां, सितलकुची सुकामल बर्मन, सीताई से राबिन रॉय, दिनहाटा से हरिहर राय सिंहा, नटाबाड़ी से बिस्वजीत सरकार, तूफानगंज से देबेंद्र नाथ बर्मा, कुमारग्राम से सुधाम लामा समेत 284 उम्मीदवारों को कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित किया है.

# ईरान की शर्तों पर अटकी अमेरिका से बातचीत, युद्धविराम की उम्मीद



**नई दिल्ली, 29 मार्च. ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत के लिए सशर्त सहमति जताकर एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल की है. बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, ईरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उसने कुछ स्पष्ट और कड़े शर्तें रखी हैं, जिन पर सहमति बनने के बाद ही वह वार्ता की मेज पर लौटेगा.**

ईरान की सबसे प्रमुख मांग यह है कि उस पर हो रहे सभी सैन्य हमले तुरंत रोके जाएं. इसके साथ ही उसने अमेरिका और इजराइल से भविष्य में किसी भी तरह के हमले न करने की ठोस गारंटी भी मांगी है. ईरान का कहना है कि जब तक सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है.

इस मुद्दे पर 29-30 मार्च को इस्लामाबाद में एक उच्च स्तरीय बैठक प्रस्तावित है. इसमें पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र जैसे देश शामिल होंगे. इन देशों की भूमिका मध्यस्थ के रूप में होगी और वे वार्ता के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार करेंगे.

ईरान ने यह भी मांग रखी है कि ये देश यह सुनिश्चित करें कि अमेरिका उसकी चिंताओं को गंभीरता से सुने. साथ ही, ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूर्ण नियंत्रण की अपनी मांग पर भी कायम है. यदि अमेरिका इन शर्तों को स्वीकार करता है, तो अस्थायी युद्धविराम संभव हो सकता है और वार्ता प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है.

### वैश्विक चेतना के लिए चेतावनी बताया

**तेहरान/बेरूत, 29 मार्च.** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे 'सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी' बताया है. रिपोर्ट के अनुसार, जेज़्ज़ीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई. यह हमला इज़राइल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है. सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को 'स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या' करार दिया और कहा कि यह 'सच्चाई सामने लाने वाली आवाज़ों को खामोश करने की कोशिश' है. उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिज़्बुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था. गौरतलब है कि लेबनान में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दूसरी बार है जब इज़राइल पर पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है.

**मन की बात** बोले पीएम मोदी-स्वच्छ ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए सौर ऊर्जा अभियान से जुड़े देशवासी

# ऊर्जा संकट में एकजुटता दिखाने का समय



**नई दिल्ली, 29 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 132वीं कड़ी में देशवासियों को कई महत्वपूर्ण संदेश दिए. उन्होंने पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उत्पन्न ईंधन संकट के समय स्वार्थी राजनीति और अफवाहों से बचने का आग्रह किया. साथ ही, युवाओं की शक्ति, शिक्षा में नवाचार, जल संरक्षण, जनभागीदारी, फिटनेस और योग, और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया.**

प्रधानमंत्री ने बताया कि खाड़ी देशों की मदद से अब तक 3.75 लाख से अधिक भारतीय सुरक्षित लौट चुके हैं. उन्होंने देशवासियों से ज्ञान भारतम् सर्वे में दुर्लभ पांडुलिपियाँ साझा करने का आग्रह किया, ताकि भारतीय संस्कृति और समृद्ध विरासत सुरक्षित रह सके. उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट का जिक्र किया और बताया कि इससे पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है.

पीएम मोदी ने खाड़ी देशों का आभार जताया, जिन्होंने एक करोड़ से अधिक भारतीयों को हर प्रकार की मदद दी. उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान ऊर्जा संकट का डटकर मुकाबला कर रहा है और इस चुनौती से निपटने के लिए देशवासियों से कजुटता और संयम बनाए रखने का आग्रह किया. उन्होंने शिक्षा में नवाचार और प्रयोग आधारित सीख को महत्व दिया, जिसमें छात्रों को सक्रिय भागीदारी और रिसर्च के अवसर मिलते हैं. जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने विभिन्न गाँवों के सफल मॉडलों का उदाहरण दिया, जैसे त्रिपुरा और तेलंगाना, जहां सामुदायिक प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार हुआ और जल संकट कम हुआ.

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस विषय में स्वार्थी राजनीति और अफवाहों की कोई जगह नहीं है, क्योंकि यह संकट 140 करोड़ भारतीयों के हित से जुड़ा है. उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक सहयोग क्षमता और पिछले दशक में बने आंतरिक सामर्थ्य की मदद से यह कठिन समय पार किया जा सकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में युवाओं, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक विरासत पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और जब युवाओं की शक्ति राष्ट्र निर्माण से जुड़ती है तो देश को बड़ी ताकत मिलती है. पीएम मोदी ने युवा भारत संगठन के तहत आयोजित बजट परिचर्चा और निबंध प्रतियोगिताओं का जिक्र किया, जिसमें लाखों युवाओं ने भाग लिया और देश के विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता दिखाई.